आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 03.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। कहा– संविधान सरकार को दिशा दिखाने वाला प्रकाश स्तम्भ।
- राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के शहरों की जल निकासी और बाढ़ योजनाओं के कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत हरिद्वार और ऊधमसिह नगर ज़िले में कल से संपूर्णता अभियान शुरू होगा।
- राज्य में कहीं–कहीं भूस्खलन के कारण सड़क यातायात प्रभावित। कुमाऊं क्षेत्र में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट।

धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का आज राज्य सभा में जवाब दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संविधान केवल अनुच्छेदों का संकलन नहीं है, बल्कि इसकी भावना और शब्द, सरकार के लिए मूल्यवान हैं। श्री मोदी ने कहा कि संविधान, सरकार को दिशा दिखाने वाला प्रकाश स्तम्भ है। उन्होंने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में जवाब देते हुए यह बात कही।
प्रधानमंत्री ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संविधान 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने संविधान दिवस मनाने का विरोध करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह लोगों का त्योहार बन गया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कांग्रेस को संविधान का सबसे बड़ा विरोधी बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की मानसिकता अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछडा वर्ग का विरोध करने की है। उन्होंने मुख्य विपक्षी दल पर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का अपमान करने का भी आरोप लगाया और कहा कि उसने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का भी अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान सरकार के दृष्टिकोण पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबी के खिलाफ लड़ाई, सरकार का प्रमुख एजेंडा होगा। उन्होंने कहा कि देश गरीबी के खिलाफ विजयी होगा।

राज्यसभा स्थगन

श्री मोदी ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं की गति, गहराई और विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों ने इस सरकार के पिछले दस वर्षों के दौरान किए गए कार्यों का समर्थन किया और सरकार को उसके प्रदर्शन के आधार पर चुना है। उन्होंने कहा कि छह दशक बाद ऐसा हुआ कि लोगों ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार चुना है। प्रधानमंत्री जब बयान दे रहे थे तो कांग्रेस,

डीएमके, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के सदस्य हंगामा करके सदन के बीचोबीच में आ गए। सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे सीटों पर वापस जाने को कहा। बाद में विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट किया। विपक्ष के वॉकआउट पर प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष में अपने ही सवालों के जवाब सुनने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने विपक्ष के वॉकआउट को उच्च सदन का अपमान बताया। सभापति ने भी विपक्ष के वॉकआउट पर नाराजगी जताई।
राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई है। दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद, सभापति जगदीप धनखड़ ने इसकी घोषणा की।

## निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के शहरों की जल निकासी योजना और बाढ योजना के कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में सिंचाई विभाग के अधिकारियों की समीक्षा के दौरान श्री धामी ने बांधों से सिल्ट निकालने और जल स्तर बढ़ाने के लिए काम करने और जल निकासी व्यवस्था के लिए दो महीने के भीतर ठोस योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने पिंडर और कोसी नदियों को जोड़ने के लिए राज्य स्तर पर की जाने वाली सभी कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि गंगा और उसकी सहायक नदियों में शुद्ध जल जाये, इसके लिए ऐसे नालों को भी चिन्हित किया जाये, जहां मलजल उपचार संयत्र—एसटीपी स्थापित नहीं हैं। घाटों के निर्माण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाएं बढ़ाने और नहरों के रख—रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए हैं।

## खाद्य पदार्थ निरीक्षण

खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने आज टिहरी जिले के चंबा में गहन निरीक्षण अभियान चलाया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा शर्मा ने बताया कि इस दौरान बाहरी जिलों से खाद्य सामग्री सप्लाई करने वाले वाहनों की जांच की गई। संदेह के आधार पर दूध, नमक, आटा आदि के 12 सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे गये हैं। लैब की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी वाले सात खाद्य पैकेट्स, मौके पर ही नष्ट किये गये। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन न करने पर चार खाद्य कारोबारियों को नोटिस भी जारी किया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद चंबा में खाद्य सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर खाद्य कारोबारियों को कई जरूरी जानकारियां दी गईं।

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत हरिद्वार और ऊधमसिह नगर ज़िले में कल से संपूर्णता अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान 30 सितंबर तक जारी रहेगा। नीति आयोग द्वारा इस अभियान की सफलता के लिए छह संकेतकों की अवधारणा की गई है, जो स्वास्थ्य व पोषण, कृषि और शिक्षा से संबंधित हैं। हरिद्वार में संपूर्णता अभियान के तहत बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिले के बहादराबाद में कल किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे जांएगे और किसानों को इसके लाभ के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही आशा और आगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा एक रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसके द्वारा जनता को पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रदेश के छह विकासखण्डों में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत भी संपूर्णता कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। गौरतलब है कि देशभर के 112 अविकसित ज़िलों में तेजी और प्रभावी रूप से बदलाव लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 आकांक्षी जिला कार्यक्रम शुरू किया गया था। इसके बाद वर्ष 2023 में देश के 500 विकासखण्डों के विकास के लिए आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम

की भी शुरूआत की गई। इन दोनों कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना और भारत के सबसे दूरस्थ और कम विकसित जिलों और विकासखण्डों में सेवा वितरण में सुधार लाना है।

भूस्खलन /मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल सुबह से रुक–रुककर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के कुमाऊं क्षेत्र में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट भी जारी किया गया है। राज्य में कहीं–कहीं भारी बारिश और भूस्खलन के बाद सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। पिथौरागढ़ जिले के तवाघाट में भूस्खलन के कारण आदि कैलाश की ओर जाने वाली सड़क आवाजाही के लिए बाधित हो गई है। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण राज्य में अभी भी पचास से ज्यादा मोटर मार्ग आवाजाही के लिए बंद हैं, जिनको खोलने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले तीन दिन राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही गढ़वाल क्षेत्र के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

डेयरी सेंट्रल लैब

केंद्र सरकार की राष्ट्रीय डेरी विकास योजना के तहत नैनीताल जिले के तीनपानी बाईपास पर सेंट्रल डेरी लैब का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश में पहली बार ऐसी लैब बनने जा रही है। लैब में पांच करोड़ रुपये की लागत की आधुनिक मशीनें लगाई जा रही हैं। लैब में दुग्ध पदार्थों के साथ ही शहद की भी जांच हो सकेगी। हांलांकि वर्तमान में जिले के लालकुआं में स्थित सेंट्रल लैब में एफटी–1 मशीनों से दुग्ध पदार्थों की जांच की जा रही है, लेकिन इस नई लैब के तैयार होने के बाद से एफटी–3 हाईटेक मशीनों से दूध से बने पदार्थों की 32 पैरामीटरों की मात्र 20 सेकेंड में सभी जांचें पूरी हो जाएंगी। उत्तराखंड डेरी विकास विभाग के निदेशक संजय खेतवाल ने बताया कि वर्तमान में अभी लालकुआं में लैब संचालित की जा रही है और नई लैब का तेजी से निर्माण किया जा रहा है।

नामांकन

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 के लिए पात्र शिक्षकों से नामांकन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन नामांकन भरने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष जिलों, राज्यों और राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों की प्रक्रिया के माध्यम से कुल 50 शिक्षकों का चयन किया जाएगा। यह पुरस्कार पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी। पात्र शिक्षक मंत्रालय के पोर्टल www.national awards to teachers.education.gov.in पर नामांकन भेज सकते हैं।